# कार्यालय, प्राचार्य, वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जालोर

कमांक–वीवीरामजा / 2019–20 / SPL-27 दिनांक :27.07.2018

## कार्यालय आदेश

IQAC MEETING [SESSION 2018-19]

IQAC समिति की बैठक आज दिनांक 27.07.2018 को प्राचार्य एम. एल. जांगिड की अध्यक्षता में दोपहर 12.00 बजे स्टॉफ रूम में आयोजित की जाएगी। बैठक में IQAC निम्न सदस्य आवश्यक रूप से उपस्थित रहे।

1. श्री अर्जुनसिंह उज्जवल–समन्वयक
2. श्री आर.एल. नौगिया पुस्तकालयाध्यक्ष–सदस्य
3. डॉ. राजकुमारी रामदेव,–सदस्य
4. डॉ. हरिशचन्द्र–सदस्य
5. श्री मनीष अखावत सदस्य
6. श्रीमती कृष्णा देवल–सदस्य
7. श्री रविन्द्र कुमार–सदस्य
8. सुश्री कविता परिहार विद्यार्थी–सदस्य
9. श्री उकाराम परिहार–एल्यू सदस्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,
जालोर

# IQAC Meeting
## Session - 2018-19

नवगठित IQAC समिति की बैठक आज दिनांक 27/07/2018 को डॉ. एम. एल. जांगिड़, प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में दोपहर 12:00 बजे स्टाफ रूम में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ. एम. एल. जांगिड़ – प्राचार्य
2. श्री अर्जुनसिंह उज्ज्वल – समन्वयक
3. श्री आर. एल. मौर्या. पुस्तकालयाध्यक्ष – सदस्य
4. डॉ. राजकुमारी रामदेव, सदस्य, राजकुमारी
5. डॉ. हरिशचन्द्र - सदस्य
6. श्री मनीष अखावत सदस्य मनीष
7. श्रीमती कृष्णा देवल - सदस्य
8. श्री रविन्द्रकुमार, सदस्य, रवि
9. सुश्री कविता परिहार, विद्यार्थी सदस्य Kavita
10. श्री उकाराम परिहार - एलु. सदस्य.

बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा हुई एवं निर्णय लिए गये।–

(1.) महाविद्यालय के पुस्तकालय में लगभग 40,000 पुस्तकें हैं। इसके सुचारु संचालन एवं रखरखाव की दृष्टि से पुस्तकालय का Automation करवाया जाना चाहिए। इस हेतु सरकार द्वारा निर्धारित Agency से यह कार्य करवाया जाना है। अतः इस सम्बन्ध में अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही की जावें।

(2.) महाविद्यालय में एक E-class Room की आवश्यकता है। इस हेतु आवश्यक उपकरण, कक्ष का निर्धारण एवम् बजट का प्रावधान किये जाने की आवश्यकता है

Thanks for your trust in "SARVOTTAM"

P.T.O.

आयुक्तालय द्वारा भी इस दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। हमारे महाविद्यालय में भी E-class Room की स्थापना हो सके इस हेतु आवश्यक प्रस्ताव आयुक्तालय को प्रेषित किया जाना चाहिए।
E-class Room हेतु कक्ष क्र.स.08 का चयन उपयुक्त रहेगा।

3. कार्यालय में एक पृथक कम्प्यूटर कक्ष की व्यवस्था करनी चाहिये। इसमें 2-3 कम्प्यूटर रखे जावे एवं इसके लिए operator की व्यवस्था की जावे। वित्त सम्बन्धी समस्त कार्य अब online होते हैं। ऐसे में एक system पर Bill formation, प्रेषण आदि का कार्य, तथा दूसरे system पर आयुक्तालय को भेजी जाने वाली सूचनाओं का संग्रहण एवं प्रेषण, पत्रों का टंकण आदि का कार्य हो सकता है। एक Computer System केवल IQAC के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए। प्राचार्य कक्ष के सामने वाला कक्ष इसके लिए उपयुक्त रहेगा।

4. महाविद्यालय परिसर बहुत बड़ा है। इसके विस्तार को देखते हुए एवं विद्यार्थियों की संख्या व सुविधा के लिए एक अतिरिक्त प्याऊ का निर्माण करवाया जाना चाहिए। इसमें R.O. एवं वाटर कूलर की व्यवस्था भी होगी। इस हेतु नगर में किसी भामाशाह से सम्पर्क किया जाना चाहिए। इस कार्य हेतु कोई भी भामाशाह शहर में अवश्य ही तैयार हो जायेंगे इससे महाविद्यालय पर वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

5. महाविद्यालय में CCTV का विस्तार किये जाने की आवश्यकता है ताकि सम्पूर्ण परिसर की निगरानी हो सके। इस हेतु नये स्थानों का चयन

Thanks for your trust in "SARVOTTAM"

P.T.O

किया जाकर सम्बन्धित फर्म से सम्पर्क कर CCTV लगवाये जावें।

6. महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर विषयों की संख्या बहुत कम है। सरकार के स्तर पर इसके खोले जाने के प्रयास तो करने ही चाहिये। लेकिन इसमें समय लगता है अतः हम Self Finance Course भी प्रारम्भ कर सकते है। अतः Geography, Maths, एवं Botany मे P.G. (Self Finance) खोलें जाने के प्रयास किये जावे। इसके साथ ही UG में प्रवेश से वंचित रहे विद्यार्थियों हेतु Hindi, History, Pol. Sci. एवं Geography विषय Self Finance में खोले जाने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए।

7. छात्र/छात्राओं के लिए Identity Card महाविद्यालय में प्रवेश के समय ही Online line Printed Form में उनकी ID व Application Number के साथ तैयार किए जाए ताकि छात्र/छात्राओं का पूरा परिचय update रह सके जिससे पुस्तकालय में छात्रों के टोकन बनाने व चुनाव (छात्रसंघ चुनाव) को कुशलता पूर्वक संचालित करने में सहायक साबित हो सके।

8. महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-2 सह शैक्षणिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाने का मिटिंग में निर्णय लिया गया ताकि विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास हो सके इसके लिए Education Awareness programme, स्वच्छता कार्यक्रम, नशा मुक्ति कार्यक्रम, वृक्षारोपण कार्यक्रम, Blood Donation Programme, मतदान जागरूकता कार्यक्रम, मानवाधिकार, सूचना का अधिकार, भ्रष्टाचार मुक्ति कार्यक्रमों का संचालन करवाया जाए। छात्रों में खेलकूद, वादविवाद, पेंटिंग, गायन कौशल, नृत्य विधा आदि को बढ़ावा देने के कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए।

Thanks for your trust in "SARVOTTAM"

उपर्युक्त